दिनांक : 02.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों के कल्याण के प्रति सरकार की पक्के इरादों का उदाहरण है। श्री मोदी ने आज वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि योजना के तहत अब तक पौने चार लाख करोड़ रुपये किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित किये जा चुके हैं।

...............

प्रधानमंत्री ने इस दौरान देशभर के 9 करोड़ 70 लाख किसानों के बैंक खातों में 20 हजार 500 करोड़ रुपये की राशि हस्तान्तरित की।

इधर, प्रदेश के 75 लाख किसानों को 1600 करोड़ से अधिक की राशि हस्तान्तरित की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बांसवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से कृषि विभाग की पॉलीहाउस, सौर ऊर्जा पंप संयंत्र, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, तारबंदी और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत लाभार्थी किसानों को अनुदान राशि के चेक वितरित किये। उन्होंने दौसा के बहरावण्डा स्थित पपीता उत्कृष्टता केन्द्र और टोंक के देवड़ावास स्थित मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र के भवन निर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास भी किया। इसके अलावा धौलपुर के खेमरी में बनाये गये उद्यानिकी ग्राह्य परीक्षण केन्द्र के भवन का लोकार्पण भी किया गया। साथ ही, लाभार्थियों को सरस डेयरी बूथ, पीडीसीएस तथा सरस मिनी मार्ट के आवंटन पत्र सौंपे गये।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारतीय रेलवे दुनियाभर में अनुशासन और समर्पित सेवा के लिए जानी जाती है। वे आज कोटा में रेलवे जनसम्पर्क अधिकारियों की संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने रेल कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके योगदान से ही लोग रेल के माध्यम से सुरक्षित यात्रा करते हैं। इसके बाद उनका बपावर कृषि मंडी में आयोजित लाडली बहना सामूहिक रक्षा बंधन समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम है।

उधर, जोधपुर के आईआईटी स्थापना दिवस समारोह में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल हिस्सा ले रहे हैं। इसके बाद श्री मेघवाल अन्य कार्यक्रमों और बैठकों में हिस्सा लेंगे।

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं पश्चिमी हिस्सों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 16 सेंटीमीटर बारिश श्रीगंगानगर में दर्ज की गई। हनुमानगढ़ के पीलीबंगा में 8, माउंट आबू में 5, भीलवाड़ा के शाहपुरा और चूरू के सरदार शहर में 4–4 सेंटीमीटर पानी बरसा। विभाग ने आज बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा जयपुर और भरतपुर संभाग में कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज बरसात हो सकती है। वहीं भरतपुर और जयपुर संभाग में कल से भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

000

राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान आम लोगों के लिए 16 अगस्त से खोला जाएगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने एक बयान में बताया कि 14 सितम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे लोग उद्यान का निःशुल्क भ्रमण कर सकेंगे। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग कराई जा सकती है। 29 अगस्त को एथलीटों और खिलाड़ियों तथा 5 सितम्बर को शिक्षकों को अमृत उद्यान में विशेष प्रवेश दिया जाएगा।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से मेघ उत्सव शुरू हो रहा है। राजस्थान डेल्फिक काउंसिल की ओर से आयोजित इस दो दिन के उत्सव में संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। काउंसिल की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि इस दौरान कलाकार, सितार–वायलिन, भरतनाट्यम और सूफी संगीत की प्रस्तुतियों से शामों को सुरीली बनाएंगे। श्रीमती गुहा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन उत्तर और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्रों के सहयोग से किया जा रहा है।

000

भारतीय महिला पहलवानों ने एथेंस में आयोजित 2025 अंडर–17 विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल छह पदक जीते हैं। भीलवाड़ा की अश्विनी विश्नोई ने 65 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं रचना ने 43 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। मोनी, काजल और यशिता ने अलग–अलग भार वर्गों में रजत पदक जीते।